आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

18.45 बुधवार 28.01.2026

मुख्य समाचारः—

1— संसद का बजट सत्र आज से हुआ शुरू—राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में माओवाद की समस्या से मुक्त हो रहे बस्तर का जिक्र किया।

2— महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का आज बारामती में विमान हादसे में निधन—राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने जताया शोक।

3— मुख्यमंत्री ने आज छत्तीसगढ़ पुलिस को समर्पित रजत जयंती पदक का किया विमोचन।

4— इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के सत्रहवें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल हुए शामिल।

संसद—बजट सत्र

संसद का बजट सत्र आज से शुरू हो गया है। बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और विकास के लिए विकसित भारत जी—राम—जी कानून लागू किया गया है। नए कानून के तहत गांव में एक सौ पच्चीस दिनों की रोजगार गारंटी सुनिश्चित की गई है। यह कानून भ्रष्टाचार और गबन को रोकने में सहायक होगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ दुनिया में भारत का कड़ा रूख पेश किया है। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष में दो हजार माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। श्रीमती मुर्मू ने माओवाद की समस्या से मुक्त हो रहे बस्तर का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पूरा देश माओवाद से प्रभावित इलाकों में बदलाव देख रहा है।

विमान हादसा—अजित पवार निधन

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का आज बारामती में विमान हादसे में निधन हो गया। नागर विमानन मंत्रालय ने बताया है कि वी.एस.आर. द्वारा संचालित लेयरजेट—फोर्टी फाइव वीटी—एस.एस.के. विमान बारामती हवाई अड्डे पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में विमान में सवार सभी पांच लोगों की मौत हो गई।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ ही छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी अजित पवार के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

कोयला घोटाला/सीजीपीएससी

कोयला घोटाला मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी रानू साहू, समीर विश्नोई, पूर्व उप सचिव सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी सहित सभी आरोपियों को सर्वोच्च न्यायालय से जमानत मिल गई है। सभी आरोपियों को राज्य से बाहर रहने की शर्त यथावत् रहेगी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायाधीश जयमाला बागची की पीठ ने आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई की।

वहीं, दूसरी ओर, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग—सीजीपीएससी परीक्षा घोटाले के आरोपी तत्कालीन अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी, परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक और उप परीक्षा नियंत्रक ललित गनवीर की दूसरी जमानत याचिका को भी खारिज कर दिया है।

## पुलिस–रजत जयंती पदक

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नवा रायपुर स्थित पुलिस मुख्यालय में छत्तीसगढ़ पुलिस को समर्पित रजत जयंती पदक का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पदक प्रदेश में शांति और सुरक्षा बनाए रखने में पुलिस के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान की अमिट पहचान बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले पच्चीस वर्षों में छत्तीसगढ़ पुलिस ने कानून–व्यवस्था को सुदृढ़ रखने और नक्सल विरोधी अभियानों में असाधारण साहस का परिचय देते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि यह पदक उनके समर्पण को सदैव स्मरणीय बनाए रखेगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ पुलिस बल को रजत जयंती पदक प्रदान करने की घोषणा की थी।

वहीं, मुख्यमंत्री ने आज नवा रायपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये प्रदेश के विभिन्न जिलों में आठ नए साइबर थानों के साथ ही दो सौ पचपन करोड़ रुपए की लागत से तैयार पुलिस आवासीय भवनों और थाना भवनों का लोकार्पण किया।

## केंद्रीय मंत्री–मुलाकात

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्य शासन द्वारा प्रस्तावित विभिन्न सड़क परियोजनाओं को मंजूरी देने का आग्रह किया। श्री साव ने केंद्रीय मंत्री से बिलासपुर में बायपास निर्माण, भारतमाला परियोजना के तहत रायपुर से बिलासपुर तक सिक्स लेन मार्ग की मंजूरी देने के साथ ही मुंबई–नागपुर मार्ग का विस्तार रायपुर तक करने का अनुरोध किया।

उपमुख्यमंत्री श्री साव ने नई दिल्ली में खेल और युवा कल्याण मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया से भी मुलाकात कर बिलासपुर स्थित खेलो इंडिया एक्सिलेंस सेंटर में दो अतिरिक्त खेलों की स्वीकृति देने और रायपुर में टेनिस के खेलो इंडिया एक्सिलेंस सेंटर की स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया।

## राष्ट्रीय नीति संवाद–उपमुख्यमंत्री

नई दिल्ली में आयोजित जल जीवन मिशन के राष्ट्रीय नीति संवाद कार्यक्रम में आज छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरूण साव भी शामिल हुए। इस मौके पर श्री साव ने छत्तीसगढ़ में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यों, जमीनी स्तर पर आ रही चुनौतियों और राज्य की उपलब्धियों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में केन्द्र सरकार और विभिन्न राज्यों के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में जल आपूर्ति व्यवस्था को दीर्घकालिक, सुदृढ़ और प्रभावी बनाने के लिए विचार–विमर्श किया गया।

## राज्यपाल–दीक्षांत समारोह

राज्यपाल रमेन डेका आज खैरागढ़ स्थित इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के सत्रहवें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। समारोह में राज्यपाल ने पांच शोधार्थियों को डी.लिट् की उपाधि और चौंसठ शोधार्थियों को शोध उपाधि प्रदान की। इसके अलावा उन्होंने दो सौ बत्तीस विद्यार्थियों को स्वर्ण और चार को रजत पदक प्रदान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, देश की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## अंतर्राष्ट्रीय केस सम्मेलन

भारतीय प्रबंध संस्थान–आईआईएम द्वारा नवा रायपुर में तीस जनवरी से दो दिवसीय पहला अंतर्राष्ट्रीय केस सम्मेलन–आई.सी.सी. का आयोजन किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय केस सम्मेलन के संयोजक डॉक्टर प्रणीत कुमार रॉय ने बताया कि इस सम्मेलन में शोधकर्ता, केस

लेखक, उद्योग नेतृत्व और नीति निर्माता व्यावसायिक प्रथाओं तथा केस आधारित शिक्षण पर विचार–विमर्श करेंगे।

राष्ट्रपति–कलाकार मुलाकात

गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित समारोह में छत्तीसगढ़ की झांकी भी निकाली गई थी। झांकी में शामिल कलाकारों ने कल राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रपति ने छत्तीसगढ़ की झांकी की सराहना करते हुए कहा कि झांकी के माध्यम से देश की समृद्ध जनजातीय परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को दिखाया गया।

कलाकारों ने राष्ट्रपति को बताया कि यह सम्मान उन्हें अपनी कला, संस्कृति और परंपराओं को और अधिक निष्ठा के साथ आगे बढ़ाने की नई प्रेरणा देगा।

हाईकोर्ट–आरक्षक भर्ती प्रक्रिया

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने प्रदेश में आरक्षक भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी के मामले में सुनवाई करते हुए बाकी बचे पदों में नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। याचिकाकर्ताओं ने भर्ती परीक्षा को रद्द कर इस मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है।

गौरतलब है कि यह मामला शारीरिक योग्यता परीक्षा से जुड़ा हुआ है। आरोप है कि गड़बड़ी की शिकायत के बाद भी राज्य सरकार ने भर्ती परीक्षा रद्द करने के बजाय छह हजार पदों में से ढाई हजार पदों पर नियुक्ति दे दी थी।

प्रगति–विशेष कार्यक्रम

प्रादेशिक समाचार एकांश रायपुर द्वारा भारत सरकार के ''प्रगति'' पोर्टल पर तैयार किए गए विशेष कार्यक्रम का प्रसारण आज रात आठ बजे से किया जाएगा। इस कार्यक्रम का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र एक साथ करेंगे।

रसोईयां हड़ताल–स्पष्टीकरण

लोक शिक्षण संचालनालय ने रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर जारी रसोईयों की हड़ताल के दौरान दो लोगों की मृत्यु होने की खबर को भ्रामक बताया है। संचालनालय ने स्पष्ट किया है कि रसोईयों की मृत्यु का धरनास्थल अथवा हड़ताल से कोई संबंध नहीं है। राज्य शासन सभी रसोईयों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा कल्याण को लेकर सजग है। शासन द्वारा रसोईयों के हित में आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

रोजगार मेला

रायपुर के सेजबहार स्थित शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में कल उनतीस जनवरी से राज्य स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। तीन दिनों तक चलने वाले इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की पैंतालीस से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां हिस्सा लेंगी। इस मेले के माध्यम से पंद्रह हजार से अधिक रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी। रोजगार विभाग के अनुसार प्रदेश में यह पहली बार है जब अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तर्ज पर प्रवेश पत्र दिया जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में चार फरवरी को मंत्रालय में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक होगी।

– दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने धान खरीदी में अनियमितता के आरोप में कार्रवाई करते हुए धमधा के सहकारिता विस्तार अधिकारी प्रजय सोनी को निलंबित कर दिया है।

– एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने कोरबा जिले में दीपका विद्युत विभाग के सब ऑडिट इंजीनियर सत्येंद्र दिवाकर को पचास हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है।

– बलरामपुर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–तीन सौ तैंतालीस पर अरागाही के पास आज एक यात्री बस और ट्रेलर के बीच टक्कर होने से बस में सवार बीस से अधिक यात्री घायल हो गए हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>